# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेश में चलेगा 45 दिन का विशेष अभियानः डॉ. यादव

**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजस्व महा अभियान प्रथम चरण ( जनवरी- मार्च 2024 ) की सफलता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-2, 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा।**



अभियान के दौरान सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टर अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/ आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वन है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राजस्व महाअभियान के संचालन संबंधित जानकारी ली। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय कुमार शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारी डायरी डिजिटल की जाए। मेन्युअल डायरी प्रथा समाप्त की जाए। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ के लंबित प्रकरणों में ई-केवाईसी करें। अच्छा वातावरण निर्मित करें। गौ-शालाओं की क्षमता अनुसार गौ-वंश रखें, वे सड़कों पर न दिखें। राज्य सरकार द्वारा गौ-शालाओं को दिया जाने वाले अनुदान को दोगुना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही हो।

डॉ. यादव ने कहा कि पटवारी मुख्यालय पर रहें, दक्षता के साथ कलेक्टर कार्यवाही करें। अभियान की हर दिन समीक्षा की जाए, साफ-सुथरा कार्य हो, अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गलती होने पर माफ नहीं किया जाएगा। कमिश्नर अपना 45 दिन का दौरा कार्यक्रम बनाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। अभियान में नक्शा दुरुस्तीकरण का कार्य अच्छा हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

स्वामित्व योजना का लाभ दिए जाना सुनिश्चित किया जाए, परंतु इस बात का ध्यान रखा जाए कि इसका दुरुपयोग न हो। नदियों में रेत का अवैध उत्खनन सख्ती से रोका जाए। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार का पूरा प्रबंधन किया जाए। प्रदेश में 15 जनवरी से 31 मार्च तक चलाए गए राजस्व महाअभियान-01 में 30 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस महाअभियान में सभी जिलों में अच्छा काम हुआ। महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रतिशत के हिसाब से पांढुर्ना प्रथम, बुरहानपुर, द्वितीय, खण्डवा तृतीय स्थान पर है जबकि हरदा दसवें स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल, सिंगरौली, मुरैना, उमरिया द्वितीय चरण में अच्छा कार्य करें, कोई शिकायत नहीं आए। विवादित प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही की जाए। समग्र का आधार से सत्यापन करना जरूरी है।

राजस्व महाअभियान-01 के दौरान प्रदेश में नामांतरण मद में कुल 3 लाख 23 हजार 016 प्रकरणों का निराकरण, बंटवारा 40 हजार 414 प्रकरण का निपटारा, सीमांकन मद 43 हजार 189 प्रकरणों का निपटारा, अभिलेख दुरुस्ती मद 27 हजार 373 प्रकारणों का निपटारा, नकशा तरमीम मद में 26 लाख 14 हजार 263 प्रकरणों सहित कुल 30 लाख 48 हजार 255 प्रकरणों का निपटारा किया गया है। जिलेवार स्थिति इस तरह है- पांढुर्णा कुल लंबित 268545 प्रकरणों में से 1लाख 13 हजार 396 निराकृत हुए, बुरहानपुर में 2 लाख 55 हजार 487 लंबित प्रकरण 9 हजार 93 निराकृत, खण्डवा 5 लाख 30 हजार 42 लंबित, निराकृत एक लाख 68 हजार 549 हुए, झाबुआ 4 लाख 48 हजार 985 लंबित एक लाख 46 हजार 405 निराकृत, विदिशा 9 लाख एक हजार 928 लंबित 2 लाख 49 हजार 194 निराकृत, सीहोर 10 लाख 61 हजार 473 लंबित 3 लाख दस हजार 651 निराकृत, रायसेन 8 लाख 7 हजार 423 निराकृत, निवाड़ी 3 लाख 51 हजार, लंबित 77 हजार 806 निराकृत, शिवपुरी 14 लाख 38 हजार 239 लंबित 3 लाख 26 हजार 957 निराकृत, हरदा 4 लाख 9 हजार 446 प्रकरण लंबित 81 हजार 327 निराकृत प्रकरण शामिल हैं।

## आईटीआई ऑन व्हील बनाएगा विद्यार्थियों को कौशल सम्पन्नः टेटवाल

**भोपाल( काप्र )। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीआई गोविन्दपुरा में आईटीआई ऑन व्हील को रवाना किया। यह वाहन दूरस्थ एवं वंचित वर्ग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, ग्राम चौपाल, हाट-बाजार एवं स्थानीय स्कूलों में पहुँचकर आईटीआई का प्रचार-प्रसार करेगा।**



श्री टेटवाल विश्व युवा कौशल दिवस पर संभागीय आईटीआई गोविन्दपुरा में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुये और छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने देश के विकास में आईटीआई का योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशिक्षित युवा विभिन्न ट्रेड्स में निपुण होकर न केवल अपने परिवार बल्कि देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर है। इस दिन सभी शासकीय आईटीआई के छात्र-छात्रों ने पौध-रोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। सभी छात्र-छात्राअें ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया है। इससे विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को बढ़ेगी। आईटीआई में नवनिर्मित प्रोडक्शन शॉप एमपी कौशल कार्नर का उदघाटन करते हुए मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि यह नवाचारी प्रयास व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं अनुभव प्रदान करने में सहायक होंगे। श्री टेटवाल ने एमपी स्किल्स वर्ल्ड ई-पुस्तिका का विमोचन किया और यूएन वूमन और यूएनएफपीए कार्यक्रम में लाभान्वित अभ्यर्थियों से चर्चा की।

## सीएमएचओ के निर्देश पर डेढ़ दर्जन क्लिनिक्स की हुई जांच

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा संचालनालय, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के पत्र क्रमांक विनियमन /2024 /248 दिनांक 15/07/2024 के परिपालन में त्वरित कार्यवाही करते हुए भोपाल में पहले ही दिन क्लीनिक्स, नर्सिंग होम्स, पैथोलॉजी लैब्स व कलेक्शन सेंटर्स की जांच व सत्यापन का अभियान प्रारंभ कर दिया है। सोमवार को कार्यालय द्वारा गठित 8 दलों द्वारा भोपाल के विभिन्न इलाकों में संचालित 17 क्लीनिक्स में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की सघन जांच की गई। निरीक्षण दल द्वारा चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन , म प्र उपचार्यगृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम , गुमास्ता लाइसेंस की जांच की गई। जांच के दौरान अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई हेतु पुलिस, नगर निगम, औषधि प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण मंडल को सूचना दी जा रही है।

## एसबीआई द्वारा योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**भोपाल( काप्र )।** भारतीय स्टेट बैंक ज्ञानार्जन केन्द्र भोपाल द्वारा बैंक के नवनियुक्त परिवीक्षाधीन अधिकारीगण एवं कर्मचारियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षण योग गुरु महेश अग्रवाल द्वारा दिया गया। इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य क्षेत्र में मनुष्य की प्रगति के लिए न केवल उसको शारीरिक रुप से स्वस्थ होना चाहिए, बल्कि उसका मानसिक रुप से स्वस्थ होना भी अनिवार्य है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से संकाय प्रमुख मुख्य प्रबंधक नीरज यागनिक सहित पूरे देश से बैंक के नवनियुक्त परिवीक्षाधीन अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। योग गुरु महेश अग्रवाल ने योग आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए यौगिक जीवनशैली और चक्रों की सजगता के बारे में बताया कि स्नायुतंत्र और मस्तिष्क के बीच व्यवहार का एक संबंध होता है, वैसे ही व्यवहार का एक संबंध सूक्ष्म शरीर में स्थित चक्रों का मस्तिष्क के साथ होता है। उन्होंने उदाहरण दिया कि शरीर का व्यवहार मस्तिष्क द्वारा नियंत्रित होता है।



## भाजपा है कार्यकर्ता आधारित पार्टीःआलोक

**भोपाल ( हिनप्र )।** भाजपा गुरुनानक मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सांसद आलोक शर्मा कार्यकर्ताओं को अपना मार्गदर्शन किया। लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लिए मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों का सम्मान प्रशस्ति पत्र, शाल एवं छाता देकर आभार जताया गया। शर्मा ने कहा के चुनाव में दिन रात एक कर के भाजपा संगठन के लिए काम करने वाले प्रत्येक देवतुल्य कार्यकर्ता के आभारी है, एवं आगामी पांच वर्षों में सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। बूथों पर चुनावी रण में सेनापति की भूमिका निभाने वाले बूथ अध्यक्षों को भी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया बाकी पार्टी जैसे भाजपा किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं चलती है, भाजपा है जो विचारधारा की पार्टी है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### लंबित याचिकाएं...

अदालत वर्तमान में देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य कुछ संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा 5 मई को आयोजित की गई नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में कहा था कि आईआईटी मद्रास के संबंधित विशेषज्ञों द्वारा नीट के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। शीर्ष अदालत ने स्थानांतरण याचिका को नीट (यूजी) परीक्षा रद्द करने की मांग वाली मुख्य याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश दिया जिन पर 18 जुलाई को सुनवाई होनी है। हालांकि उसने राजस्थान उच्च न्यायालय के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक के लिए कोई औपचारिक आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। एनटीए का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता ने जब जोर देकर राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया तो खंडपीठ ने कहा कि एक बार हमारे नोटिस जारी करने के बाद आम तौर पर उच्च न्यायालय आगे सुनवाई नहीं करते हैं। इससे पहले 20 जून को शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट (यूजी) पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी थी और एनटीए को ग्रेस मार्क्स में गड़बड़ी से जुड़ी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के आवेदन वापस लेने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 13 जून को जारी आदेश में ग्रेस मार्क्स के जुड़े मामले को समाप्त करने का फैसला किया था क्योंकि एनटीए ने अदालत को बताया था कि वह 1,563 छात्रों को दिये गये ग्रेस मार्क्स वापस ले रही है। इन छात्रों को 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने या अपने मूल मार्क्स से संतोष करने का विकल्प दिया गया था। इस बीच शीर्ष अदालत के समक्ष अपने हालिया शपथपत्र में केंद्र सरकार ने बताया है कि आईआईटी मद्रास द्वारा किये आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि 5 मई को आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा में न तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है और न ही किसी स्थान विशेष के छात्रों को अंकों के मामले में कोई फायदा हुआ है।

### हिंडनबर्ग मामले पर...

गया। वहीं, कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि बाजार नियामक सेबी आरोपों की जांच कर रहा है. याचिका में कहा गया था कि सेबी ने अपनी रिपोर्ट में आरोपों के बाद की गई 24 जांचों की स्थिति के बारे में सुप्रीम कोर्ट को केवल अपडेट किया था, चाहे वे पूरी हों या अधूरी हों, मगर किसी भी डिटेल का खुलासा नहीं किया था. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सेबी ने उन 24 मामलों में से 22 में अपनी जांच पूरी कर ली है, जहां अडानी ग्रुप के खिलाफ आरोप लगाए गए थे. हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी समूह के विरुद्ध धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर-मूल्य हेरफेर सहित अनेक आरोप लगाए जाने के बाद, शेयर बाजार में अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी. हालांकि, अडानी समूह ने इन आरोपों को गलत बताते हुए खारिज कर दिया था।

### ओली ने नेपाल...

पड़ा। राष्ट्रपति के बुलावे के तुरंत बाद 72 वर्षीय श्री ओली अपने नए गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने के लिए राष्ट्रपति कार्यालय पहुंचे थे। कोई अन्य दावेदार नहीं होने के कारण, श्री ओली ने अपने समर्थन में 166 विधायकों (कांग्रेस के 88 और यूएमएल के 78) के हस्ताक्षर प्रस्तुत किए थे। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में, सरकार बनाने के लिए आवश्यक न्यूनतम संख्या 138 है।

### प्राकृतिक आपदाओं और...

मार्शल द्वीप समूह गणराज्य के लिए डिसैलिनेशन इकाइयों और डायलिसिस मशीनों के प्रस्तावों पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा माननाहै कि आज के समझौता ज्ञापन से चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। मुझे खुशी है कि इन परियोजनाओं में अहलुक एटोल में सामुदायिक खेल केंद्र, माजिद द्वीप पर हवाई अड्डा टर्मिनल, अर्नो और बोटेई एटोल में सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। ये निश्चित रूप से मार्शल द्वीप के लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे। भारत अपने इंडो-पैसिफिक भागीदारों के साथ और अधिक काम करने के लिए हमेशा तैयार है।

### लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का चुनाव कराने की मांग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का चुनाव कराने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिक पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार हो गया है। इस मामले में 22 जुलाई को सुनवाई होनी है। इससे जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2023 में नोटिस जारी करके केंद्र सरकार से जवाब मांगा था लेकिन अब तक जवाब न फाइल होने की वजह से मामले की सुनाई टलती रही थी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि इस मामले में सरकार को बताना चाहिए कि अभी तक लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का पद क्यों खाली है? अब तक इसके लिए चुनाव क्यों नहीं हुआ है? पिछले साल दाखिल जनहित याचिका में ये आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार के जवाब की मांग की गई थी कि लोकसभा के 4 साल बीत जाने के बाद भी किसी भी सदस्य को लोकसभा के डिप्टी स्पीकर पद के लिए नहीं चुना जा सका है, जबकि संविधान का अनुच्छेद 93 स्पष्ट रूप से कहता है कि लोकसभा में स्पीकर के अलावा एक डिप्टी स्पीकर भी होगा। सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका शारिक अहमद की तरफ से दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के तरफ से कोर्ट में ये भी कहा गया कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और झारखंड की विधानसभाओं में डिप्टी स्पीकर का पद खाली पड़ा है, जो संविधान के अनुच्छेद 178 का उल्लंघन है।

## प्रापर्टी के मालिकाना हक को लेकर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने मांगा सीएम से समय



**भोपाल ( हिनप्र )।** सिंधी (सेन्ट्रल) पंचायत के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की बैठक में इस बात पर क्षोभ व्यक्त किया गया कि आजादी के 76 साल बाद भी सनातनी धर्म एवं देश की आजादी की खातिर अपना वतन सिंध प्रदेश (अब पाकिस्तान में) छोड़कर यहां आने वाले सिंधी हिन्दू परिवारों को उनकी प्रापर्टी का मालिकाना हक नहीं मिल सका है इसके अलावा वन ट्री हिल्स के 500 भूखण्डों के लीज नवीनीकरण का मामला भी दूसरी बार प्रीमियम राशि जमा करने के बावजूद सुलझ नहीं पाया है। इस समस्या के लिए पंचायत ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से समय की मांग की है।

पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी की अध्यक्षता में पंचायत कार्यालय में हुई। बैठक में तय किया गया कि महापौर कार्यकाल के दौरान संत हिरदाराम नगर में करोड़ों के विकास कार्य कराने वाले एवं लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने आलोक शर्मा व संत हिरदाराम नगर को अनेक सौगातें देने वाले विधायक रामेश्वर शर्मा का पंचायत द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। बैठक में संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी ने सुझाव दिया कि मोबाइल पर बात करते समय हेलो की जगह सिंधियों के इश्ट देव भगवान झूलेलाल की जाय, बोला जाए, इस पर सभी ने सहमति व्यक्त करते हुए संकल्प लिया अब अब जय झूलेलाल ही बोला जाएगा ।बैठक में उपाध्यक्ष नरेन्द्र लालवानी ने संतनगर में हाथ ठेलों की समस्या रखी। बैठक में तय किया गया कि जल्द ही प्रतिनिधि मण्डल महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात करेगा। इसके अलावा व्यापारियों की एक सयुंक्त बैठक भी बुलाई जाएगी, आवश्यकता हुई तो संतनगर बंद का आव्हान भी किया जाएगा।

## श्री नारायण गुरूदेव भक्तजन समाज का गठन हुआ



**हिरदाराम नगर।** जगदगुरू श्री नारायण गुरूदेव भक्तजन समाज सीटीओ, संतनगर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक हुई, जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। के. टी. कन्नन चेयरपेरसन/मार्ग निर्देशक, पी. अरविन्दाक्ष अध्यक्ष, आर. के धनक उपाध्यक्ष, टी.वी. सुब्रम्हणियन जनरल सेकेट्री, योगेश कुमार सेकेट्री, हर्षा कुमार प्रार्थना सेकेट्री और राधा प्रसाद कोषाध्यक्ष बनाए गए।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मे शुभम सिंह ठाकुर पिता डालचंद रावत आयु लगभग 30 वर्ष (आधार नं. 852173728961) एवं पेन नं. (**EUGPR9999D**) निवासी म. नं. 10 खजूरी खुर्द रायसेन रोड म.प्र. यह कि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा पूर्व नाम शुभम रावत है तथा वर्तमान मे मैं जाति, समाज एवं अन्य वर्ग समाज में शुभम सिंह ठाकुर के नाम से जाना पहचाना जाता हूँ इसलिये में अपना पूर्व नाम शुभम रावत के स्थान पर शुभम सिंह ठाकुर परिवर्तित कराना चाहता हूँ। यह कि मेरा पूर्व नाम शुभव रावत से शुभम सिंह ठाकुर के नाम से ही जाना व पहचाना जाउगा।

**(पुराना नाम)** शुभम रावत

**(नया नाम)** शुभम सिंह ठाकुर

**कार्यालय उप वनमंडल अधिकारी शाजापुर/आगर मालवा, वनमंडल शाजापुर म.प्र. वन परिसर, छावनी सुसनेर रोड़, आगर जिला आगर मालवा म.प्र.**

Mob. No. 9424794886 Email:sdoftshajapur@mp.gov.in

**विज्ञप्ति**

**जप्त वाहन के राजसात प्रक्रिया की सूचना**

शाजापुर वनमंडल के शाजापुर परिक्षेत्र अंतर्गत वन अपराध क्रमांक 6483/06 दिनांक 23.10.2023 में एक हुंडई एक्सेंट कार रजि. नंबर MP04-KG 3590 से अवैध परिवहन मे 150 कि.ग्रा. चंदन काष्ठ जप्त की गई है। जिसकी राजसात की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रचलित हैं। इस संबंध में जो भी व्यक्ति, संस्था, फर्म उपरोक्त वाहन से संबंधित अपना हित रखते हों, तो वे अपना प्रतिवेदन 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उप वनमंडलाधिकारी शाजापुर, आगर मालवा, वन परिसर, छावनी सुसनेर रोड़, आगर में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि तक उपरोक्त वाहन से हित रखने वाले व्यक्ति, संस्था, फर्म के उपस्थित ना होने की स्थिति में वाहन की एक तरफा, राजसात की कार्यवाही के लिये अधोहस्तारक्षकर्ता कार्यालय स्वंतत्र रहेगा ।

**जे. एस. मुवेल, प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल शाजापुर**

G-13520 /24

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर, म.प्र.**

Mail I.D. eephseh@nic.in Fax No. : 07562-224092, Telephone No.07562-224092, NEW BUS STAND SEHORE (M.P.)

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायाँवि/2024-25**

**चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना** **सीहोर, दिनांक 11.07.2024**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्वति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तो के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मू. (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_356973_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड भैरूंदा के ग्राम खजूरी अन्तर्गत शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में स्थित 60 कि. ली जल संग्रहण क्षमता की क्षतिग्रस्त आर.सी.सी उच्चस्तरीय टंकी तोडने का कार्य। | 71531.00 | 1431.00 | 1000.00 | 30 दिवस |

| क्रमांक | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | ऑन लाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 24.07.2024 05.30 PM |
| 2. | बिड ओपनिंग दिनांक | 25.07.2024 05.30 PM |

G-13509/24 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीहोर (म.प्र.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 06/व.ले.लि. / 2024-25 भोपाल, दिनांक 09.07.2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB_356286_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-8 एवं 18 के साधारण, विशेष मरम्मत मार्गों पर सी.सी. शोल्डर, नाली, सेन्ट्रल वर्ज फुटपाथ एवं अन्य सिविल का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 35.00 | 50000.00 |
| 2 | 2024_PWDRB_356287_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-7बी, 26 एवं 27, के साधारण विशेष मरम्मत मार्गों पर सी.सी. शोल्डर, नाली, सेन्ट्रल वर्ज फुटपाथ एवं अन्य सिविल का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 34.00 | 50000.00 |
| 3 | 2024_PWDRB_356288_1 | उपसंभाग क्रं. 3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत मार्गो पर सेन्ट्रल वर्ज फुटपाथ का मरम्मत प्लास्टर सहित, सीमेंट कांक्रीट तथा सेन्ट्रल वर्ज एवं फुटपाथ पर पेटिंग का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 35.00 | 50000.00 |
| 4 | 2024_PWDRB_356289_1 | नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. भोपाल अंतर्गत उपसंभाग क्र. 3 के अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों के समारोह हेतु बैरिकेटिंग का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 5 | 2024_PWDRB_356290_1 | उपसंभाग क्र.-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.- 7बी, 08, 18, 26 एवं 27 में मिट्टी एकत्रीकरण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| | | योग | | 159.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 26.07.2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

**जी-13497/24** **कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)**